समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# हाउसफुल 5 बनी सबसे महंगी कॉमेडी फिल्म ! बजट सुन उड़ जाएंगे होश, 90 दिन तक क्रूज पर हुई शूटिंग।

Publisher

Published on 03 Jun 2025



## अक्षय कुमार की इस मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म का बजट बताया जा रहा है 225 करोड़ रुपये, फिल्म की एडवांस बुकिंग ने अब तक 4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

**मुंबई :** बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी में से एक '**हाउसफुल**' अब अपने पांचवे पार्ट के साथ धमाका करने के लिए तैयार है। '**हाउसफुल 5**' को लेकर बड़ी खबर यह है कि यह भारत की सबसे **महंगी कॉमेडी फिल्म** बन गई है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही धमाल मचा चुका है और अब रिलीज डेट नजदीक आते ही फिल्म की एडवांस बुकिंग भी जोरों पर है।

**क्रूज पर 90 दिनों तक चली शूटिंग**

रिपोर्ट्स के अनुसार, '**हाउसफुल 5**' का एक बड़ा हिस्सा रियल क्रूज लोकेशन पर शूट किया गया है और शूटिंग लगभग 90 दिनों तक चली। फिल्म की भव्यता और लोकेशन की भव्यता को देखते हुए इसका बजट भी चर्चा में है।

**क्या है फिल्म का बजट ?**

मीडिया रिपोर्ट्स, खासकर Pinkvilla की मानें तो इस कॉमेडी फिल्म का अनुमानित बजट **₹225 करोड़** है। सूत्रों का कहना है कि:

"19-20 बड़े सितारों के साथ रियल लोकेशन पर शूटिंग करना किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा चैलेंज होता है, लेकिन साजिद नाडियाडवाला ने किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया है।"

**कौन-कौन है स्टार कास्ट मे ?**
फिल्म में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नजर आएंगे:
**अक्षय कुमार,रितेश देशमुख,अभिषेक बच्चन,संजय दत्त,फरदीन खान,श्रेयस तलपड़े,**
**नाना पाटेकर,जैकी श्रॉफ,डीनो मोरिया,जैकलीन फर्नांडिस,नरगिस फाकरी, चित्रांगदा सिंह, सोनम बाजवा** आदि।

फिल्म का निर्देशन **तरुण मनसुखानी** ने किया है और प्रोडक्शन की **कमान साजिद नाडियाडवाला** ने संभाली है।

**अक्षय कुमार की तीसरी सबसे महंगी फिल्म**
**सूर्यवंशी – ₹250 करोड़**
**बड़े मियां छोटे मियां – ₹350 करोड़**
**हाउसफुल 5 – ₹225 करोड़ (अनुमानित)**
फिल्म की एडवांस बुकिंग से अब तक **₹4 करोड़** की कमाई हो चुकी है। अब देखना यह है कि फिल्म पब्लिक से कितना प्यार बटोरती है।

**रिलीज डेट :**
**6 जून 2025**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.